उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिये यूजेवीएन लिमिटेड हेतु टैरिफ आदेश : मुख्य बिन्दु

- यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा आयोग के समक्ष दिनांक 28 नवम्बर, 2014 को वित्तीय वर्ष 2014–15 के वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा (Annual Performance Review) एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए वार्षिक स्थिर प्रभार (Annual Performance Review) के निर्धारण हेतु पिटिशन प्रस्तुत की गई।
- उक्त पिटिशन में यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा संचालित पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों (छिबरो, खोदरी, ढकरानी, ढालीपुर, कुलहाल, चीला, रामगंगा, खटीमा व मनेरी भाली–1) एवं मनेरी भाली–2 विद्युत गृह के वित्तीय वर्ष 2013–14 के सम्प्रेक्षित लेखों के आधार पर सहीकरण (Truing-up) का भी अनुरोध किया गया।
- उक्त टैरिफ आदेश में यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत पिटिशन एवं तदोपरान्त आयोग को उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के संवीक्षोपरान्त आयोग द्वारा निम्न अनुमोदन किये गयेः–

  (1) पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों के वित्तीय वर्ष 2013–14 का अंतिम सहीकरण (final truing up)।

  (2) सलाहकार द्वारा आयोग के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर मनेरी भाली–2 विद्युत गृह की commissioning की तिथि तक अंतिम पूंजी लागत (Final Capital Cost) का अनुमोदन।

  (3) आयोग द्वारा अनुमोदित अंतिम पूंजी लागत के आधार पर मनेरी भाली–2 का वित्तीय वर्ष 2007–08 से वित्तीय वर्ष 2013–14 तक का सहीकरण।

  (4) पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों एवं मनेरी भाली–2 विद्युत गृह के वित्तीय वर्ष 2014–15 की वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा (Annual Performance Review)।

  (5) पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों एवं मनेरी भाली–2 विद्युत गृह के वित्तीय वर्ष 2015–16 का टैरिफ अनुमोदन।

- यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा अपने पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों हेतु वित्तीय वर्ष 2013–14 के सहीकरण के विपरीत कुल रू0 9.31 करोड़ का अन्तर (gap) दिखाया गया था, जिसे परीक्षणोपरान्त आयोग द्वारा रू0 0.24 करोड़ surplus अनुमोदित किया गया। उक्त अनुमोदित धनराशि यूपीसीएल (UPCL) एवं एच.पी.एस.ई.बी. (HPSEB) के साथ उनके निर्धारित भाग के आधार पर समायोजित की जाएगी।
- आयोग द्वारा मनेरी भाली–2 विद्युत गृह की commissioning की तिथि तक कैपिटल कॉस्ट का अन्तिम निर्धारण रू0 1889.22 करोड़ निर्धारित किया गया एवं उक्त कैपिटल कॉस्ट के आधार पर वित्तीय वर्ष 2007–08 से वित्तीय वर्ष 2013–14 की अवधि का सहीकरण किया गया है। वित्तीय वर्ष

2007–08 से वित्तीय वर्ष 2012–13 तक के सहीकरण के फलस्वरूप रू0 118.54 करोड़ (carrying cost सहित) का अन्तर अनुमोदित किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2013–14 की अवधि के अंदर रू0 4.57 करोड़ (carrying cost अतिरिक्त) का अंतर अनुमोदित किया गया।

- वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु यूजेवीएन लि0 द्वारा क्लेम किये गये स्थिर प्रभार एवं आयोग द्वारा स्वीकृत वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) का विवरण (पूर्व टैरिफ आदेश में स्वीकृत वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) के साथ तुलना सहित) निम्न सारिणी में दर्शित हैः–

वार्षिक स्थिर प्रभार (रू0 करोड़)

Generating Stations	FY 2014-15	FY 2015-16	
	Approved in APR Order dt. 10.04.2014	Claimed	Approved now in the Order
9 LHPs	**247.78**	**290.66**	**263.91**
Increase in AFC (%) vis-a-vis previous year		17%	7%
MB-II	**231.92**	**322.28**	**218.98**
Increase in AFC (%) vis-a-vis previous year		39%	-6%
Total	**479.7**	**612.94**	**482.89**
Increase in Total AFC (%) vis-a-vis previous year		28%	1%

***